दयालु | By Vikash Kapoor

दयालु दया की कर दे नज़र
भला या बुरा हूँ तुझे है खबर
दयालु दया की.....

ज्यादा नहीं पर थोड़ा ध्यान दीजिये
दुखड़े हमारे पहचान लीजिये
कब से खड़ा हूँ बाबा तेरे द्वार पर
दयालु दया की.....

रिश्तों की बीज मैंने बोई नहीं
तेरे बिन श्याम मेरा कोई नहीं
संसार से में आया प्रभु हार कर
दयालु दया की.....

सदा लेते आया है तू परीक्षा मेरी
मगर पूरी की है हर दम इच्छा मेरी
भरोसा बहुत है बाबा मुझे तुझ पर
दयालु दया की.....

इम्तिहान है ये मेरे विश्वास की
अर्ज़ सुनो ना माधव इस दास की
हँसेगी ये दुनिया बाबा मेरी हार पर
दयालु दया की.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%81-by-vikash-kapoor/